प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 26.07.2026 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- करगिल विजय दिवस पर आज देश शहीदो को नमन कर रहा है–प्रदेश में हो रहे है कई कार्यक्रम।

- केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी नये शिक्षा मंत्री नियुक्त।

- राज्य में सहकार वन परियोजना की शुरूआत–जयपुर के जामडोली में 64 एकड़ भूमि पर विकसित होगा सहकार वन।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

0000

करगिल विजय दिवस पर आज देश शहीदो को नमन कर रहा है। इस अवसर पर 1999 के करगिल युद्ध में देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 1999 में कारगिल की दुर्गम चोटियों पर असाधारण साहस का प्रदर्शन करने वाले वीर सैनिकों के प्रति राष्ट्र सदा कृतज्ञ रहेगा। इधर प्रदेश में भी करगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर कई संगठनों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किये गये। जयपुर के बिड़ला सभागार में आयोजित शौर्य संध्या में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कहा कि हमारे वीरों ने यह सिद्ध किया कि जिस देश की सेना का मनोबल हिमालय से भी ऊंचा हो, उस देश को कोई झुका नहीं सकता। ऑपरेशन विजय केवल एक सैन्य अभियान नहीं था, वो सभी भारतीयों के स्वाभिमान की विजय थी।

0000

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी को नया शिक्षा मंत्री बनाया गया है। उन्हें उनके मौजूदा विभागों के साथ–साथ शिक्षा मंत्रालय की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रल्हाद जोशी फिलहाल उपभोक्ता मामलात, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का कार्यभार संभाल रहे हैं। श्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि वे नई जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ निभायेंगे।

0000

गौरतलब है कि नई दिल्ली के जंतर मंतर पर चल रहे युवा प्रदर्शनकारियों के आंदोलन के बाद पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना इस्तीफा सौंपा था।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम साढ़े चार बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम–2026 के प्रतिभागियों से संवाद करेंगे। इस दौरान देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व कर रहे 400 से अधिक युवा प्रधानमंत्री से बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन पिछले महीने 4 से 30 जून तक दो चरणों में किया गया। कार्यक्रम के लिए प्रतिभागियों का चयन देशव्यापी ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया, जिसमें तीन लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया।

0000

केन्द्र सरकार कल लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पेश करेगी। यह विधेयक सोमवार को लोकसभा कार्यसूची में शामिल किया गया है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह इस विधेयक को सदन में प्रस्तुत करेंगे।

गौरतलब है कि 24 जुलाई को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा में अनियमितताओं के मामलों में त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट–ट्रैक अदालतों की स्थापना तथा दोषियों के लिए और कड़े दंड का प्रावधान करने संबंधी मसौदा विधेयक को मंजूरी दी थी।

000

राज्य में सहकारिता के माध्यम से स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने के लिए सहकार वन परियोजना की शुरूआत हुई। जयपुर के जामडोली क्षेत्र में 64 एकड़ भूमि पर यह सहकार वन विकसित किया जा रहा है। केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल और प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने कल अरावली की तलहटी में स्थित सुमेल गांव में पौधारोपण कर इस परियोजना की शुरूआत की। इस अवसर पर श्री मोहोल ने बताया कि सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के तहत सभी राज्यों में पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता संवर्धन के लिए सहकार वन विकसित किए जा रहे हैं। इससे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को ध्यान में रखते हुए देशी वनस्पतियों की प्रजाति के पौधों को लगाया जा रहा है, ताकि न्यूनतम रखरखाव की आवश्यकता हो। यह पार्क बायोडायवर्सिटी और पारिवारिक मनोरंजन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा।

0000

प्रदेश के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा है कि जगतपुरा स्थित शूटिंग रेंज में शूटिंग एकेडमी शुरू करने की संभावनाओं की तलाश की जा रही है। श्री राठौड़ कल जगतपुरा स्थित शूटिंग रेंज में नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आर्चरी फेडरेशन को जयपुर में शूटिंग रेंज विकसित करने में पूरी मदद करेगी। इस टूर्नामेन्ट के आयोजन के लिए शूटिंग रेंज की सराहना की।

0000

श्री राठौड़ ने कल प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में विजयी रहे निशानेबाजों को पदक प्रदान किए। 29 जुलाई तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में देशभर से खिलाडी भाग ले रहे है।

0000

राजधानी जयपुर में शहर के तीन प्रमुख प्रवेश मार्गों पर जेडीए 'वेस्ट टू आर्ट' थीम पर आधारित स्वागत द्वार विकसित करेगा। लगभग 5 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत वाली इस परियोजना के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि इन स्वागत द्वारों के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, लोक परंपराओं और अतिथि सत्कार की भावना को कलात्मक रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। परियोजना के तहत पहला स्वागत द्वार दिल्ली कुंडा मोड़ से आमेर जाने वाले मार्ग पर बनाया जाएगा, जिसकी थीम 'खम्मा घणी' होगी। दूसरा स्वागत द्वार घाट की गुणी टोल प्लाजा पर तैयार होगा, जिसे पारंपरिक लहरिया डिज़ाइन की थीम पर विकसित किया जाएगा।
वहीं तीसरा स्वागत द्वार गंगा मार्ग पर प्रस्तावित न्यू जयपुर के सामने बनाया जाएगा, जहां पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में महिला और पुरुषों की कलात्मक आकृतियां 'पधारो म्हारे देस' की भावना को साकार करेंगी।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 136वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट तथा न्यूज़ऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसके साथ ही एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी इस कार्यक्रम का प्रसारण विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी करेगा।

0000